प्रेस नोट

दिनांक 31.01.2025

जनपद हमीरपुर पुलिस द्वारा मादक पदार्थों का कराया गया निस्तारण/ विनिष्टीकरण-

ड्रग डिस्पोजल कमेटी (DDC) की अध्यक्ष पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों पर अवैध मादक पदार्थों से संबंधित पंजीकृत अभियोग में माल के निस्तारण हेतु मा0 न्यायालय द्वारा निर्गत आदेश के अनुपालन में गठित जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी (DDC) द्वारा मादक पदार्थों, स्वापक औषधियों, मनःप्रभावी पदार्थों के निस्तारण की कार्यवाही के क्रम में आज दिनाँक 31.01.2025 को पुलिस लाइन हमीरपुर में जनपद के 12 थानों में पंजीकृत कुल 67 अभियोगों में 832.420 किग्रा अवैध गांजा, 20 ग्राम स्मैक, 100 ग्राम डायजाफाम व 2700 नशीली गोलियां का निस्तारण/ विनिष्टीकरण कराया गया।

जनपद हमीरपुर के पुलिस लाइन्स में Silicon welfare society Waste treatment plant के इन्सिनेटर द्वारा निस्तारण/ विनिष्टीकरण कराया गया।

इस मौके पर ड्रग डिस्पोजल कमेटी (DDC) कमेटी के सदस्य अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर एवं अग्निशमन अधिकारी जनपद हमीरपुर व अन्य सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

नष्ट किए गए मादक पदार्थों का विवरण:

1.अवैध गांजा – 832.420 किलोग्राम (अनुमानित कीमत 2,08,10,500/- रुपये**, दो करोड़ आठ लाख दस हजार पाँच सौ रुपये**)

2.स्मैक – 20 ग्राम

3.डायजाफाम - 100 ग्राम

4.अन्य नशीली गोलियां – 2700 टेबलेट्स

यातायात पुलिस, हमीरपुर